Title: Requests to exmpt 6 % sales tax on potato and onion in Bihar and need to include them in the Essential Commodities Act.

श्री कृष्ण कुमार चौधरी (गया): सभापति महोदय, मैं एक बहुत महत्वपूर्ण मामला सदन में उठाना चाहता हूं। बिहार में आलू और प्याज पर छः प्रतिशत बिक्रीकर लगाने के विरोध में सभी विक्रेता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं, जिसकी वजह से आम उपभोक्ताओं के समक्ष कठिनाई उत्पन्न हो गई है। इसलिए मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग है कि आलू और प्याज पर बिक्रीकर समाप्त किया जाए। भारत के अन्य राज्यों में इन पर बिक्रीकर नहीं है, लेकिन बिहार में आलू, प्याज पर छः प्रतिशत बिक्रीकर लगाया गया है।

श्री कृष्ण कुमार चौधरी सभापति महोदय, आलू और प्याज को आवश्यक वस्तु अधिनियम में रखा जाए क्योंकि ये दोनों ही शीघ्र सड़-गल जाने वाली सब्जियां हैं जिससे किसानों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। आलू-प्याज का मूल्य उत्पादन लागत को दृष्टिगत रखते हुए नियत किया जाए। फसल-बीमा योजना के अंतर्गत इन दोनों को लाया जाए और उनको उगाने के लिए किसानों को विशेष ऋण की व्यवसाथा की जाए।

सभापति महोदय : ठीक है। हो गया। बैठिए।